उत्तराखण्ड शासन

NAMAMI GANGE

IDBI BANK
A Govt. of India Owned Bank

*(निशुल्क वितरण हेतु)*

# राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन

(जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय भारत सरकार)

*एवं*

## राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप (नमामि गंगे), उत्तराखण्ड

*आयोजित करते हैं*

# ''गंगा क्विज''

(पंजीकरण फार्म)

<table>
<tr><td>प्रथम चरण में प्रतिभाग हेतु चयनित जनपद का नाम</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>विद्यालय का नाम<br>(शासकीय/सहायता प्राप्त/निजी विद्यालय)</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="4">प्रतिभागी टीम का विवरण<br>कक्षा 6–8 (जूनियर टीम)</td><td>क्र.सं.</td><td>विद्यार्थी का नाम व कक्षा</td><td>फोटोग्राफ</td></tr>
<tr><td>1.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>3.</td><td></td><td></td></tr>
</table>

| प्रतिभागी टीम का विवरण<br>कक्षा 9–12 (सीनियर टीम) | क्र.सं. | विद्यार्थी का नाम व कक्षा | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|
| | 1 | | |
| | 2 | | |
| | 3 | | |

| टीम के अनुरक्षक (**Escort**)<br>(अध्यापक/अभिभावक) का विवरण | नाम एवं सम्पर्क न0 | पहचान पत्र सं0 | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|
| 1. जूनियर टीम | | | |
| 2. सीनियर टीम | | | |

| | |
|---|---|
| स्कूल के प्रधानाचार्य का नाम व फोन नं0 | |

## <u>प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु सहमति</u>

राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप (नमामि गंगे), उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 09.09.2018 व 16.09.2018 को आयोजित की जा रही गंगा क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय से प्रतिभागी टीम/टीमों को प्रथम चरण व द्वितीय चरण (यदि चयनित) में प्रतिभाग किये जाने हेतु सहमति प्रदान की जाती है।

**हस्ताक्षर मोहर सहित**
**प्रधानाचार्य**

**<u>प्रतियोगिता में प्रतिभाग के नियम व शर्तें;</u>**

1. कार्यक्रम की तिथि एवं समय;
   (क) दिनांक 09 सितम्बर 2018 (रविवार) **प्रातः 11 से मध्याह्न 01 बजे (संशोधित)** – प्रथम चरण।
   (ख) दिनांक 16 सितम्बर 2018 (रविवार) प्रातः 11 से अपरान्ह 02 बजे – द्वितीय चरण (केवल प्रथम चरण की चयनित टीमों हेतु)।
2. प्रतियोगिता का प्रथम चरण राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी द्वारा नामित सरकारी अधिकारियों एवं परियोजना अधिकारियों की निगरानी में आयोजित किया जायेगा।
   *(प्रथम चरण की प्रतियोगिता के लिये निर्धारित केन्द्र के सम्बन्ध में प्रतिभागियों को प्रिंट/इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पृथक से सूचित किया जायेगा)*
3. प्रतिभागियों के अन्दर टीम भावना के विकास के दृष्टिगत, क्विज प्रतियोगिता में केवल टीम के रुप में ही प्रतिभाग किया जा सकेगा।
4. प्रतिभागी टीम का गठन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।
5. प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ग से केवल एक ही टीम भेजी जायेगी।
6. विद्यालय द्वारा जूनियर वर्ग या सीनियर वर्ग या दोनों वर्गो से टीमें भेजी जा सकती हैं।
7. प्रत्येक वर्ग (जूनियर व सीनियर) की टीमों में 03 ही प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।
   (जूनियर टीम में कक्षा 06 से 08 तक की किसी भी कक्षा के 03 विद्यार्थी व सीनियर टीम में कक्षा 09 से 12 तक की किसी भी कक्षा के 03 विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं)
8. द्वितीय चरण हेतु दोंनो वर्गो में से प्रत्येक वर्ग की 08 टीमों को चयनित किया जायेगा।
9. प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार के उच्चाधिकारियों की निगरानी में दिनांक 16 सितम्बर 2018 को दून विश्व विद्यालय ऑडिटोरियम, देहरादून में किया जायेगा।
10. गंगा क्विज का विषय राष्ट्रीय नदी गंगा एवं इसकी सहायक नदियों के स्वच्छता, संरक्षण, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय महत्व एवं भौगोलिक तथा जैव विविधता पर केन्द्रित होगा।
11. प्रथम चरण की प्रतिभागी टीमों को गंगा क्विज में प्रतिभाग का प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।
12. द्वितीय चरण की प्रत्येक विजेता टीम को निम्नानुसार पुरस्कार एवं मैरिट प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे–

| पुरस्कार श्रेणी | कक्षा 6–8 (जूनियर टीम) | कक्षा 9–12 (सीनियर टीम) |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | रु0 40,000/– | रु0 50,000/– |
| द्वितीय पुरस्कार | रु0 25,000/– | रु0 35,000/– |
| तृतीय पुरस्कार | रु0 15,000/– | रु0 25,000/– |
| सांत्वना पुरस्कार (प्रत्येक वर्ग की 03–03 टीमों को ) | रु0 10,000/– | रु0 15,000/– |

13. गंगा क्विज के पंजीकरण फार्म दिनांक 20 अगस्त 2018 से निम्नानुसार प्राप्त किये जा सकते हैं–

**क.** उत्तराखण्ड में स्थित आई0डी0बी0आई0 बैंक की समस्त शाखाओं से *(आई0डी0बी0आई0 बैंक की समस्त शाखाओं की सूची एस.पी.एम.जी. व स्वजल परियोजना की वेबसाईट में उपलब्ध है)*

**ख.** समस्त जनपद मुख्यालयों में स्थित जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई– स्वजल परियोजना के कार्यालयों से *(जिनकी सूची एस.पी.एम.जी. व स्वजल परियोजना की वेबसाईट में उपलब्ध है)*

**ग.** गंगा क्विज पंजीकरण फार्म एस.पी.एम.जी की वेबसाईट spmguttarakhand.uk.gov.in एवं स्वजल परियोजना की वेबसाइट http://swajal.uk.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

14. पूर्ण रुप से भरे गये पंजीकरण फार्म निम्नानुसार जमा किये जा सकते हैं–

**क.** उत्तराखण्ड में स्थित आई0डी0बी0आई0 बैंक की समस्त शाखाओं में *(बैंक की सम्बधित शाखाओं द्वारा पंजीकरण फार्म की प्राप्ति रसीद प्रदान की जायेगी)*

**ख.** समस्त जनपद मुख्यालयों में स्थित जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई– स्वजल परियोजना के कार्यालयों में *(सम्बधित स्वजल परियोजना के कार्यालय द्वारा रजिस्टेशन फार्म की प्राप्ति रसीद प्रदान की जायेगी)*

**ग.** गंगा क्विज पंजीकरण फार्म की स्कैन कॉपी की साफ फोटो को नमामि गंगे की ई–मेल आई डी gangaquiz.spmguk@gmail.com अथवा व्हाट्सऐप नम्बर 7055001743 पर प्रेषित किया जा सकता है।

*(ई–मेल अथवा व्हाटसऐप पर प्राप्त पंजीकरण फार्म की प्राप्ति सूचना प्रेषित की जायेगी)*

15. गंगा क्विज के पूर्ण रुप से भरे गये पंजीकरण फार्म दिनांक 04 सितम्बर 2018 सायं 05 बजे तक उपरोक्तानुसार जमा किया जा सकता है।

## प्रतिभागियों हेतु अन्य सम्बंधित सूचनायें एवं निर्देश–

1. उत्तराखण्ड राज्य के समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त/निजी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गंगा क्विज में प्रतिभाग किया जा सकता है।
2. दिनांक 09 सितम्बर 2018 को आयोजित की जाने वाली प्रथम चरण की प्रतियोगिता हेतु पंजीकृत टीम को प्रतियोगिता स्थल में प्रवेश पत्र निर्गत किये जायेंगे। अतः समस्त पंजीकृत टीम **प्रातः 10.00 बजे** से पूर्व प्रतियोगिता स्थल में पहुंचना सुनिश्चित करें।
3. गंगा क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागी टीमों द्वारा स्कूल की ड्रेस में ही प्रतिभाग कियाा जायेगा।
4. प्रथम चरण हेतु लिखित प्रश्नपत्र प्रतिभागियों की सुविधा हेतु हिन्दी व अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में उपलब्ध होंगे।
5. इसी प्रकार द्वितीय चरण में पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रतिभागियों की सुविधा हेतु हिन्दी व अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में पूछे जायेंगे।
6. गंगा क्विज में पूछे जाने वाले प्रश्न उत्तराखण्ड राज्य पर केन्द्रित होंगे।
7. प्रथम चरण के लिखित प्रश्नपत्र में पूछे जाने वाले प्रश्न बहुविकल्पी (Multiple Choice Questions) होंगे।
8. प्रथम चरण में प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 01 लिखित प्रश्नपत्र दिया जायेगा, जिसका उत्तर टीम के सदस्यों द्वारा संयुक्त रुप से दिया जायेगा।
9. प्रत्येक प्रतिभागी टीम के साथ विद्यालय द्वारा नामित संरक्षक (Escort) (अध्यापक/अध्यापिका/अभिभावक) द्वारा प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य है।
10. प्रतियोगिता में प्रवेश हेतु प्रतिभागी विद्यार्थी एवं अनुरक्षक (Escort) (अध्यापक/ अध्यापिका /अभिभावक) को अपना पहचान पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।
11. प्रतियोगिता के दौरान संरक्षक (Escort) (अध्यापक/ अध्यापिका / अभिभावक) का प्रतियोगिता कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा।
12. प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली प्रतिभागी टीम/टीमों की सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रतिभागी टीम एवं संम्बधित विद्यालय की होगी।
13. समस्त जनपदों से प्रथम चरण के लिखित प्रश्नपत्र के प्राप्त उत्तरों का मूल्यांकन एस0पी0एम0जी0 (नमामि गंगे) कार्यालय के स्तर पर किया जायेगा तथा द्वितीय चरण हेतु उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली प्रत्येक वर्ग की प्रथम 08 टीमों का चयन किया जायेगा।

14.प्रत्येक सही उत्तर के लिये 03 अंक तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये कुल प्राप्तांक में से 01 अंक घटाया जायेगा।

15.**प्रथम चरण में प्रतिभाग कर रही प्रत्येक ऐसी टीम जिसमें केवल छात्रायें सम्मिलित हैं, को उनके द्वारा प्राप्त कुल अंकों के अतिरिक्त 02 अंक अतिरिक्त प्रदान किये जायेंगे।**

16.गंगा क्विज के प्रथम चरण की विजेता टीमों को परिणाम प्रिंट/इलैक्ट्रानिक मीडिया/दूरभाष के माध्यम से दिनांक 13 सितम्बर 2018 तक सूचित किया जायेगा।

17.द्वितीय चरण के लिये चयनित प्रत्येक वर्ग की (जूनियर/सीनियर) 08 टीमों को भोजन, आवास और यात्रा व्ययों हेतु प्रति टीम (एस्कार्टस सहित) रु0 4000/– अथवा वास्तविक व्यय, जो कम हो, के अनुसार प्रतिपूर्ति की जायेगी।

18.द्वितीय चरण की प्रतियोगिता गणमान्यों के सम्मुख मौखिक और आडियो–विजुअल रुप में आयोजित की जायेगी, जिसका सजीव प्रसारण सोशल/इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से किया जायेगा।

19.गंगा क्विज के विजेताओं को पुरस्कार राशि, प्रतीक चिन्ह एवं मैरीट प्रमाण पत्र आमंत्रित गणमान्य अतिथियों द्वारा देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में दिनांक 16 सितम्बर 2018 को सायं 04:00 बजे प्रदान किये जायेंगे।

20.गंगा क्विज से संम्बन्धित जानकारी निम्नलिखित प्रतिनिधियों से प्राप्त की जा सकती है–

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिरुद्ध कुमार<br>अनुश्रवण एवं मूल्यांकन विशेषज्ञ<br>7055001724 | डॉ0 पूरन चन्द्र जोशी<br>समाजिक प्रबन्धन विशेषज्ञ<br>9412044394 | श्री पूरन चन्द्र कापडी<br>संचार विशेषज्ञ<br>8449883300 |


**राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप (नमामि गंगे), उत्तराखण्ड**
**117, इन्दिरा नगर, देहरादून, उत्तराखण्ड–248006**
**दूरभाष नम्बर–0135–2763436**